6 राज्य • 3 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 58 | अंक 10 | पृष्ठ : 24+8

# अमर उजाला

गणतंत्र दिवस

बरेली | सोमवार, 26 जनवरी 2026 माघ शुक्ल-अष्टमी • विक्रम संव

**PAGE NO 7 : MIDDLE**

# यशु प्रधान की 150 रनों की पारी से एसआरएमएस ने दर्ज की जीत

बरेली। सातवीं शकुंतला देवी मेमोरियल बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट लीग में रविवार को एसआरएमएस और आईके कलेक्शन की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीते। पहले मुकाबले में यशु प्रधान एसआरएमएस की जीत के नायक रहे।

टॉस जीतकर एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 326 रन बनाए। यशु प्रधान ने मात्र 45 गेंदों पर तूफानी 150 रनों की पारी खेली। ओपनर बल्लेबाज शारून खान ने भी 118 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसिस क्रिकेट क्लब की टीम नौ विकेट खोकर केवल 143 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में राहुल और अंशुमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन विकेट झटके।

दूसरे मुकाबले में एएनए हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और आईके कलेक्शन को 136 रनों का लक्ष्य दिया। आईके कलेक्शन की ओर से शुभ अग्रवाल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके कलेक्शन की टीम ने 15.3 ओवरों में पांच विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना और सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि लीग के अगले मुकाबले जीएसटी-11 बनाम जीपी क्रिकेट अकादमी और आईके नेक्स्ट जेन बनाम आरसीसी के बीच खेले जाएंगे। संवाद